दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 26 / 01 / 2025

प्रसार भारती

(भारत का लोक सेवा प्रसारक)

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्र आज छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य–पथ पर ध्वजारोहण किया और मुख्य परेड की सलामी ली। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक जाकर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। भव्य परेड में देश की सभ्यता, संस्कृति और वैज्ञानिक प्रगति को दर्शाने वाली मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं।

———————————————————————————

छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्य में मुख्य समारोह पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली। श्री खां ने अपने संबोधन में कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिको के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों की भी चर्चा की। राज्यपाल श्री खां ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा से सुशासन और न्याय के साथ सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्ववाली सरकार ने अब तक शिक्षा क्षेत्र समेत विभिन्न विभागों में नौ लाख स्थायी सरकारी नौकरियां दी हैं और आगे बारह लाख सरकारी नौकरियां दी जायेगी।

राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष 34 लाख लोगों को रोजगार मिल जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के तहत अभी तक जीविका का काम सिर्फ ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा था, लेकिन अब शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूहों का गठन तेजी से किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू से शिक्षा पर जोर दिया गया है। बड़ी संख्या में नये विद्यालय खोले गए और

उनकी आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया गया। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की बहाली की गयी है।

इससे पहले गांधी मैदान में विभिन्न अर्ध सैनिक बलों और सेना की टुकड़ियो ,बिहार पुलिस और एनसीसी की ओर से भव्य परेड का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न विभागों की झांकियों ने राज्य की विकसित होती तस्वीर पेश कर सबका मन मोह लिया। उद्योग विभाग की झांकी को प्रथम, पशु और मत्स्य संसाधन विभाग को दूसरा तथा खेल विभाग की झांकी को तीसरा स्थान मिला । राज्यपाल ने इस अवसर पर सेना के विभिन्न अंगों के अधिकारियों और कर्मियों को उनके पराक्रमके लिए सम्मानित किया ।

————————————————————

आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में झंडा फहराया। उन्होंने आकाशवाणी परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इधर, आकाशवाणी पटना परिसर में उपमहानिदेशक एच.डी. सिडाम ने झंडोत्तोलन किया।

————————————————————

छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस जिला मुख्यालयों में भी समारोह पूर्वक मनाया गया। सहरसा स्टेडियम में कोसी प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार ने झंडोत्तोलन किया।

————————————————————

सारण जिला मुख्यालय छपरा के राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री जिलाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया।

————————————————————

लखीसराय जिले के गांधी मैदान में प्रभारी मंत्री शीला मंडल ने झंडोत्तोलन किया।

————————————————————

कटिहार के राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री नीरज कुमार बबलु ने झंडोत्तोलन किया और परेड का निरीक्षण किया।

———————————————————————

जमुई के श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में प्रभारी मंत्री रत्नेश सादा ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली।

———————————————————————

खगड़िया जिला के स्डेडियम मैदान में जिले के प्रभारी मंत्री महेश्वर हजारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

———————————————————————

कैमूर जिला मुख्यालय भभूआ के जगजीवन स्टेडियम में जिले के प्रभारी मंत्री नितिन नवीन ने झंडोत्तोलन किया।

———————————————————————

बेगूसराय के गांधी स्टेडियम में प्रभारी मंत्री मंगल पांडेय ने झंडोत्तोलन किया।

———————————————————————

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का आज चौदहवां दिन है। श्रद्धालु सभी अनुष्ठानों को पूरा करने के बाद मेला क्षेत्र में आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों और पंडालों का दौरा कर रहे हैं। इनमें नरेन्द्र मोदी ऐप मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

———————————————————————

समाप्त